हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025



तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

मेगा ऑयल पॉम प्लांटेशन ड्राइव से जुड़ रहे किसान





## खबर संक्षेप

### राशन घोटाला करने वाले चार गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर विकासखण्ड के कांदागढ़ स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में वर्ष 2018 में राशन वितरण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया था। मामले में शिकायत मिलने पर पुसौर थाना में चार आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। रिपोर्टकर्ता अंजनी कुमार राव, सहायक खाद्य अधिकारी पुसौर द्वारा थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि कांदागढ़ के शासकीय उचित मूल्य दुकान में सचिव कृषचंद कर्ष, सरपंच श्रीमती सोमति सिदार, सहयोगी गौरहरि निषाद, प्रशांत सेठ और टिकेश्वर सेठ द्वारा माह जून, जुलाई व अगस्त 2018 में शासन से प्रदाय किए गए खाद्यान्नों चावल, शक्कर, नमक और केरोसिन का वितरण नहीं कर अफरा-तफरी करते शासकीय अमानत में खयानत की गई है। जांच में कुल 232.38 क्विंटल चावल, 14.53 क्विंटल शक्कर, 4.16 क्विंटल नमक व 1369 लीटर केरोसिन की गड़बड़ी पाई गई, जिससे शासन को आर्थिक हानि हुई। तत्कालीन खाद्य निरीक्षक राजन कश्यप द्वारा 24 अगस्त 2018 को दी गई जांच रिपोर्ट व दस्तावेजों के आधार पर प्रकरण की रिपोर्ट 6 फरवरी 2025 को प्राप्त हुई, जिस पर प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के बयान लिए गए तथा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तत्कालीन सचिव कृषचंद कर्ष की मृत्यु की जानकारी प्राप्त हुई है, आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### भूख हड़ताल पर बैठे चैतराम साहू

**रायगढ़।** छाल प्रभावितों को उनका हक दिलाने ओबीसी महासभा के संभाग अध्यक्ष चैतराम साहू भूख हडताल पर बैठे हैं। उनका कहना है कि जब तक प्रभावितों को सरकार उनका हक नहीं देती तब तक वे हडताल जारी रखेंगे। हडताली का कहना है कि छाल अंचल के जनता को अच्छा और टिकाऊ रास्ता मिले, प्रदूषण मुक्त हवा मिले, प्रभावितों को उचित मुआवजा मिले और कोयला कार्यों से संबंधित कंपनियों से धोखधड़ी ना होकर न्याय मिले। इन मांग के लिए मौन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। आज दूसरे दिन 11 बजे अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ जिसे जांचने प्रशासन द्वारा डॉक्टरों की टीम धरना स्थल पर पहुंची थी।

### आंबा सहायिका के रिक्त पदों पर 23 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण जिला.रायगढ़ के अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र केराझर तथा आँगनबाड़ी केन्द्र मनुवापाली में कार्यरत सहायिकाओं के त्यागपत्र दिये जाने से आंगनबाड़ी सहायिका का पद रिक्त हो गया है। अतएव ग्राम केराझर एवं मनुवापाली में आँगनबाड़ी सहायिका के रिक्त एक.एक पद की पूर्ति हेतु 23 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आँगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तों का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### जिले में 473.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 9 जुलाई तक 473.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 22.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 574.6 मिली मीटर, पुसौर में 513.3, खरसिया में 501.7, घरघोड़ा में 471, तमनार में 341ण्8ए लैलूंगा में 420.8, मुकडेगा में 511, धरमजयगढ़ में 366.6, छाल में 496.8 एवं कापू में 537 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# गुंडागर्दी : बैरियर स्टाफ ने एंबुलेंस को रोका, विरोध पर पालतू कुत्ते से कटवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार की देर रात सूरजगढ़ पुल पर स्थित बैरियर स्टाफ द्वारा राहगीरों के साथ दबंगई करने का मामला सामने आया है। स्टाफ द्वारा वसूली के चक्कर में एक एंबुलेंस को रोकने पर राहगीरों ने जब विरोध किया तो दबंगों ने उन पर अपने पालतू कुत्ते को छोड़ दिया।

जिससे उक्त कुत्ते ने एक युवक को बुरी तरह काट लिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने बहस करने वाले एक चारपहिया वाहन को ओवरटेक कर वाहन के कांच को तोड़ने और वाहन में सवार लोगों को मारने के लिए जबरन बाहर निकालने का प्रयास किया। जिससे रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाले

**सूरजगढ़ पुल में दबंग स्टाफ ने युवकों को भी किया मारने का प्रयास**



लोग दहशत में हैं। सरिया निवासी अजीत पात्रे ने हरिभूमि को बताया कि मंगलवार को वो अपने कुछ साथियों के साथ रायगढ़ आया था। जहां से काम निपटाने के बाद रात में सभी वापस सरिया जा रहे थे। तभी रात करीब 12 बजे सूरजगढ़ पुल में भारी वाहनों का लंबा जाम लगा था। अजीत ने बताया कि बैरियर स्टाफ द्वारा भारी वाहनों से वसूली की जा रही थी, इस वजह से जाम लगा हुआ था। चूंकि जाम में अन्य राहगीरों के साथ ये भी फंस गए। इसी बीच इन्होंने देखा कि एक एंबुलेंस भी काफी देर से जाम में फंसा हुआ तब राहगीरों ने बैरियर स्टाफ से पूछताछ शुरू कर दी। जिससे स्टाफ के गुंडे दर्जनभर की संख्या में आ गए और राहगीरों से ही उलझ पड़े। तभी बैरियर स्टाफ द्वारा अपने पालतू कुत्ते को छोड़ कर लोगों को काटने के लिए इशारा कर दिया गया। कुत्ते द्वारा दौड़ाने से सभी इधर-उधर भागने लगे और कुछ अपने वाहन में जाकर छिप गए। तभी कुत्ते ने अजीत के दोस्त राजाराम प्रधान को बुरी तरह काट कर जख्मी कर दिया। इसके कुछ देर बाद जाम खुला तो राहगीर वहां से निकल गए, लेकिन अजीत प्रधान व साथी वहीं फंस गए। इसके बाद जब वो वहां से जाने लगे तो बैरियर स्टाफ द्वारा उनकी चारपहिया वाहन को पीछा कर रोक दिया गया। वहीं गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उनके कार के शीशा को तोड़ने का प्रयास किया गया। आरोपी बार-बार उन्हें वाहन से नीचे उतरने को बोल रहे थे। उनकी गुंडगर्दी देख ये दहशत में आ गए और किसी तरह वहां से भाग कर पुसौर अस्पताल पहुंचे। जहां कुत्ते के शिकार युवक को इलाज करा कर अपने घर गए।

#### पहले भी वसूली और बदसलूकी का लग चुका है आरोप

सूरजगढ़ पुल में बैरियर स्टाफ का यह कोई पहला कारनामा नहीं है। इससे पहले भी बैरियर स्टाफ द्वारा राहगीरों से वसूली और दुर्व्यवहार के मामले सामने आ चुके हैं, इसके बाद भी इनकी गुंडागर्दी पर कोई लगाम नहीं लग रहा है। कई बार इनके खिलाफ पुसौर थाने में भी शिकायत हो चुकी है।

> ऐसी किसी घटना के बारे में मुझे जानकारी नहीं है, मैं इस बारे में पता लगाता हूं। शिकायत मिलने पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अमित कश्यप**
> ईई, पीडब्ल्यूडी।

## संचालक और प्रशासन पर सांठगांठ का आरोप, विरोधकर्ता भी चुप

# किसकी अनुमति से शहर में लग रहा मीना बाजार, कमिश्नर व एसडीएम को भनक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के सावित्री नगर और ट्रांसपोर्टनगर में इस बार तीन मीना बाजार लगाया जा रहा है। खास बात यह है कि मीना बाजार लगाने की अनुमति किसने दी है, इसकी जानकारी ना तो नगर निगम कमिश्नर को है और न ही एसडीएम को इस बारे में कोई जानकारी है। जिससे तो यही लग रहा है कि इस बार भी लंबी सेटिंग हुई है। इधर हर साल मीना बाजार का विरोध करने वाले नेता व स्थानीय निवासियों ने भी मीना बाजार संचालक और प्रशासन पर सांठगांठ का आरोप लगाकर चुप्पी साध ली है। जिससे नियम-कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है।

रायगढ़ का प्रसिद्ध जन्माष्टमी मेला आने में अभी करीब सवा महीने का समय बचा है। जिसे देखते हुए इस बार भी सावित्री नगर में एक व ट्रांसपोर्टनगर में दो मीना बाजार लगना शुरू हो गया है। इतने सालों से अब तक यह देखा जा रहा था कि मीना बाजार लगने से पूर्व ही क्षेत्रवासी वहां लगने वाले जाम, आपराधिक वारदातों को देखते हुए इसका विरोध करते हैं। पिछले साल भी वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद पति व वर्तमान भाजपा पार्षद मुक्तिनाथ बबुआ सहित क्षेत्रवासियों ने इसका जमकर विरोध किया था। निगम कमिश्नर, एसडीएम से बार-बार शिकायत करने के बाद भी जब मीना बाजार के संचालन पर रोक नहीं लगा तो उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वहीं हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी, इसके बाद भी मीना बाजार संचालन हुआ। वहीं इस बार पार्षद व स्थानीय नेताओं ने भी चुप्पी साध ली है, जिससे शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। दूसरी बात यह है कि मीना बाजार शहर में लग रहा है तो संचालक को नगर निगम कमिश्नर व एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी अधिकारी अपने उपर बात न आए इसलिए गोलमोल जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।



#### जाम में एम्बुलेंस निकलने तक की नहीं रहती जगह

सावित्रीनगर और ट्रांसपोर्टनगर में मीना बाजार लगने से विश्वासगढ़ चर्च से ट्रांसपोर्ट नगर तक रोजाना लंबा जाम लगता है। स्थिति यह हो जाती है कि स्थानीय निवासी अपने घरों में कैद हो जाते हैं, घर से निकलना, वाहन निकालना इनके लिए काफी मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं अगर इसी बीच किसी को कुछ हो जाए तो इस मार्ग में एंबुलेंस आने और जाने तक की जगह नहीं रहती। इसी के चलते हर साल लोग यहां लगने वाले मीना बाजार का विरोध करते हैं, लेकिन इस बार वो शांत नजर आ रहे हैं।

> शहर के सावित्री नगर और ट्रांसपोर्ट नगर में मीना बाजार लगाने की अनुमति नगर निगम से ली गई या नहीं यह मेरे संज्ञान में नहीं है, मुझे देखना पड़ेगा।
>
> **बृजेश सिंह क्षत्रिय** कमिश्नर, नगर निगम, रायगढ़

> शहर में मीना बाजार लगाने की अनुमति वाला कोई प्रकरण अभी तक मेरे पास नहीं आया है और न ही मेरे तरफ से कोई अनुमति जारी की गई है।
>
> **महेश शर्मा**
> एसडीएम, रायगढ़।

#### एमआईसी सदस्य लाचार, अधिकारियों पर लगा रहे आरोप

पिछले साल जब शहर में कांग्रेस की सरकार थी तब स्थानीय भाजपा के पार्षद पति मुक्तिनाथ बबुआ ने खुलकर विरोध किया था। वहीं अब जब शहर में भाजपा की सरकार हैं और वो भाजपा पार्षद होने के साथ-साथ एमआईसी के सदस्य हैं तो उल्टा शांत पड़ गए हैं। इस संबंध में जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम जबरदस्ती हाईकोर्ट का चक्कर काटते हैं और घर से डेढ़-दो लाख खर्च हो जाता है। अधिकारी-कर्मचारी सब मिलकर मीना बाजार संचालक से पैसा खा लेते हैं और मीना बाजार संचालन की अनुमति दे देते हैं, इससे हमारी बदनामी होती है। पिछले साल हम लोगों ने चंदा करके डेढ़ लाख वकील को दिया था, जिसका कोई परिणाम नहीं निकला। कमिश्नर, एसडीएम, एसपी सब सांठगांठ कर हर साल इसकी अनुमति दे देते हैं।

#### शॉर्टकट के चक्कर में कभी भी हो सकती है अनहोनी घटना

जन्माष्टमी के समय एक तो वैसे भी शहर में हजारों श्रद्धालुओं के आगमन से चारों दिशाओं में जाम लगा रहता है। इसी बीच मीना बाजार जाने वाले लोग मालधक्का रोड (रेलवे अंडरब्रिज) का उपयोग करते हैं। वहीं अगर बारिश में अंडरब्रिज में पानी भरा हो तो दर्जनों की संख्या में लोग ब्रिज के उपर से ट्रैक पार करके मीना बाजार देखने के लिए जाते हैं। ऐसा हर साल देखने को मिलता है, जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं रहता। अगर इसी बीच अचानक ट्रेन के आ जाने से कोई अनहोनी घटना घटित हो जाए तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

#### आपराधिक वारदातों से पुलिस की बढ़ जाती है चुनौती

दरअसल हर साल मीना बाजार लगते ही यहां आपराधिक वारदातों में इजाफा होता है। मीना बाजार के गुंडे जहां खुलेआम दादागिरी कर लोगों से मारपीट करते नजर आते हैं तो वहीं दूसरी तरफ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी यहीं अपना डेरा जमा लेते हैं। उनके द्वारा छेड़खानी, पॉकिटमारी, लूटपाट, चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दिया जाता है, जिससे एक माह तक जूटमिल पुलिस की परेशानी बढ़ जाती है।

#### कार्रवाई का है अधिकार लेकिन कभी होती नहीं

पिछले साल भी नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा बिना अनुमति मीना बाजार संचालन करने की बात कही जा रही थी, लेकिन अपने पास कार्रवाई का अधिकार होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बार भी जब अधिकारी कह रहे हैं कि उनसे कोई अनुमति नहीं ली गई है तो आखिर मीना बाजार बेरोक-टोक कैसे लग रहा है, सह सबसे बड़ा सवाल है।



# शराब दुकान के विरोध में महिलाओं ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल क्षेत्र में संचालित शराब दुकान हटाने को लेकर बुधवार को इलाके की महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। महिलाएं दुकान के सामने पहुंची और दुकान हटाने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगी। महिलाओं के विरोध की सूचना मिलने पर जूटमिल पुलिस और आबकारी अमला मौके पर पहुंचा और महिलाओं को समझाइश देकर किसी तरह शांत कराया गया।

दरअसल बुधवार की सुबह जूटमिल क्षेत्र में स्थित पुराना सारंगढ़ बस स्टैंड में नगर निगम की टीम ने ठेले गुमटियों को उठवा कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। निगम के तोड़फोड़ अभियान के दौरान ही स्थानीय महिलाएं क्षेत्र में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग करने लगी। महिलाएं शराब दुकान के सामने इकट्ठा हो गई और दुकान का विरोध करने लगी। सुबह दुकान भी खोलने नहीं दिया गया। महिलाओं का कहना था कि शराब दुकान की वजह से इलाके में शराबखोरी बढ़ रही है। पति, बच्चे शराब पी रहे हैं, जिससे परिवार तबाह हो रहा है। उन्होंने कई बार शराब दुकान हटाने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं ठेले गुमटी भी शराब दुकान की वजह से ही लग रहे हैं, ऐसे में वे इसका विरोध कर रही हैं। वहीं शारब दुकान के विरोध की सूचना मिलते ही पुलिस व आबकारी विभाग की टीम मौके पर पंहुची और प्रदर्शन कर रही महिलाओं को किसी तरह समझाइश देकर शांत कराया तब कहीं जा कर शराब दुकान खुल सकी। बताया जा रहा है आबकारी विभाग द्वारा विरोध कर रही महिलाओं से दो दिन की मोहलत मांगी गई है, इसके बाद इस विषय में कलेक्टर से चर्चा कर कोई निर्णय लिया जाएगा।

**खास बात**

- आबकारी विभाग ने मांगी मोहलत

# पहले ही प्रयास में श्रेया बनीं सीए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



पारिवारिक कारणों के चलते दो बार कठिनाइयों का सामना करते हुए परीक्षा नही देने का फैसला लेने वाली श्रेया अग्रवाल ने पहले प्रयास में ही सीए की परीक्षा क्लियर कर लिया है। श्रेया के परीक्षा क्लियर करने से अग्रवाल समाज मे हर्ष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार श्रेया अग्रवाल शुरू से अपने विद्यार्थी जीवन में मेधावी छात्रा रही है।

बीच मे पारिवारिक घटना के नाम से दो बार परीक्षा नही दिलाई। लेकिन आखिर में उसने कडी मेहनत के बूते परीक्षा क्लियर कर लिया है। श्रेया ने इसका सारा श्रेय अपने पिताजी गोविंद अग्रवाल एवं माताजी सुनीता अग्रवाल के साथ साथ मामा टेकचंद अग्रवाल को दिया है।

# गुरु पूर्णिमा पर बनोरा आश्रम में 3 पार्किंग स्थल निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरु पूर्णिमा पर्व इस वर्ष 10 जुलाई को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर के प्रमुख मंदिरों और आश्रमों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन, पूजन और गुरु वंदना के लिए पहुंचेंगे।

श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ और सुगम व्यवस्था के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की तैयारी की गई है। इसी क्रम में गुरु पूर्णिमा के दिन ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरूपीठ बनोरा आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात पुलिस द्वारा 3 अलग-अलग पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है। इन पार्किंग स्थलों पर दुपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए उचित स्थान सुनिश्चित किया गया है, ताकि दर्शन के लिए आने-जाने में किसी प्रकार की बाधा न हो और यातायात प्रणाली भी सुचारु रूप से बनी रहे। यातायात पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे केवल चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही अपने वाहन पार्क करें और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग प्रदान करें। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थलों का मैप भी जारी किया गया है, जिसमें सभी प्रवेश, निकासी मार्ग और पार्किंग स्थल स्पष्ट रूप से दर्शाए गए हैं।

पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से यह भी अनुरोध किया है कि वे भीड़भाड़ से बचने के लिए निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें और किसी भी आपात स्थिति में मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों से संपर्क करें।

## आदित्यपुर सेक्शन में आधुनिकीकरण के चलते रेलवे ने लिया फैसला

# जुलाई से अक्टूबर तक प्रभावित रहेंगी लंबी दूरी की कई ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ट्रेनों में लंबा सफर करने के ईच्छुक रेलयात्रियों के लिए राहत की खबर नहीं है। दरअसल आदित्यपुर सेक्शन में आधुनिकीकरण के कारण कई ट्रेनें प्रभावित होंगी। ट्रेनों का परिचालन जुलाई से लेकर अक्टूबर महीने तक प्रभावित होगा। इससे रेल यात्रियों की फजीहत बढने के आसार हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के गामहारीया जंक्शन आदित्यपुर सेक्शन अप व डाउन लाइन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन के द्वारा आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 15 जुलाई से 4 अक्टूबर तक कार्य किया जाएगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।



15, 19, 22, 26, 29 जुलाई व 2 अगस्त को गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटा-बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी तरह 9, 12, 16, 19, 23 व 26 अगस्त को गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

इसके अलावा 18, 25 जुलाई, 1, 11, 18 व 25 अगस्त को गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया कटक, सम्बलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर चलेगी। इतना ही नहीं 14, 21, 28 जुलाई, 8, 15, 22, 29 अगस्त, 5, 12, 19, 26 सितंबर व 3 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी एवं कटक होकर चलेगी।

15, 22 व 29 जुलाई को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस सिनी-कान्ड्रा जंक्शन होकर चलेगी। इसके अलावा 18, 25 जुलाई व 1 अक्टूबर को आरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस कान्ड्रा जंक्शन-सिनी होकर चलेगी।

#### महादेवसाल स्टेशन में 4 जोड़ी गाड़ियों का अस्थायी ठहराव

महादेवसाल मंदिर में श्रावणी मेला के अवसर पर दर्शनार्थियों की विशेष सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के महादेवसाल स्टेशन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली 04 जोड़ी गाड़ियों का 2 मिनट के लिए अस्थायी ठहराव की सुविधा 11 जुलाई से 9 अगस्त तक दी गई है। इस सुविधा की उपलब्धता से श्रावणी मेला के अवसर पर महादेवसाल मंदिर के दर्शनार्थियों को बेहतर यात्रा सुविधा सुनिश्चित होगी। 11 जुलाई से 9 अगस्त तक ट्रेन संख्या 13287/13288 दुर्ग-आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का महादेवसाल स्टेशन में 2 मिनट का ठहराव रहेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 18477/18478 पुरी योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटानगर बिलासपुर टाटानगर एक्सप्रेस का भी महादेवसाल स्टेशन में 2 मिनट का ठहराव रहेगा।

**खबर संक्षेप**




### संकल्प में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा ग्यारहवीं की रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से 15 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा ग्यारहवीं की गणित संकाय की कुल रिक्त 9 सीट बालिका 3, बालक 6 सीट के चयन हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थियों को आवेदन के साथ कक्षा दसवीं की अंकसूची लगाना अनिवार्य होगा। आवेदक 15 जुलाई 2025 तक कार्यालयीन समय में संकल्प शिक्षण संस्थान में आवेदन जमा कर सकते हैं। कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों से कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांको की प्रावीण्य सूची के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### ऑनलाइन काउंसिलिंग का तीसरा चरण आज

**जशपुरनगर।** सत्र 2025-26 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग का तीसरा चरण 10 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो रहा है। प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक से मिली जानकारी अनुसार डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाईट पर 10 से 13 जुलाई तक पंजीयन कर सकते हैं। मेरिट सूची 15 जुलाई को जारी होगी। दावा आपत्ति 16 जुलाई तक एवं आबंटन 18 जुलाई को जारी किया जाएगा।

### शा.उ.व पू.मा. वि. में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासनताला में शाला प्रवेश उत्सव गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिथियों के स्वागत से किया गया। यहां पर प्राचार्य श्रीमती विनय प्रभा खलखो ने पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा व्याख्याता ब्लारमी तिर्की एवं सुमति चौहान ने तिलक लगाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुआ। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए अतिथियों और कक्षा 6वीं एवं 9वीं में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का पुष्पवर्षा, तिलक और आरती से भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि बालेश्वर यादव एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। संस्था के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने हेतु संकल्पित होने की बात कही। प्राचार्य श्रीमती खलखो एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रईसुल हसन खान ने आश्वस्त किया कि संस्था का प्रत्येक शिक्षक अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करेगा।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के प्रकरण में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत एक प्रकरणों हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम पण्डरीपानी, सिसरिंगा, निवासी स्व. मधुमंजूला एक्का का आग में जलने से 19 मार्च 2024 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम मृतिका के पति विजय एक्का हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# जगन्नाथ महाप्रभु का श्री मंदिर में प्रवेश, श्रद्धालुओं को भेंट की गई हिंदी भागवत पुराण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा के अवसर पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन का मंगलवार को समापन हुआ। श्री जगन्नाथ महाप्रभु बाहुड़ा रथ यात्रा के उपरांत अपने पवित्र निवास श्री मंदिर में विधिवत रूप से प्रवेश कर गए।

मंदिर में प्रवेश के पूर्व परंपरानुसार मां लक्ष्मी को रिझाने की रस्म निभाई गई, जिसमें महाप्रभु को रसगुल्ला भेंट करते हुए यह विशेष पारंपारिक रीति रिवाज पूरी की गई। भक्तों ने इस रस्म में भाग लेकर दिव्य अनुभूति की। भागवत पुराण का हिंदी रूपांतरण भेंट- श्री जगन्नाथ मंदिर समिति द्वारा रथयात्रा के उपलक्ष्य में हिंदी में अनूदित श्रीमद्भागवत पुराण की प्रतियां श्रद्धालुओं को भेंट स्वरूप दी गईं, जिससे जनमानस को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो सके और भगवत भक्ति को नया आयाम मिले। श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने जताया आभार- श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, प्रशासनिक अधिकारियों और स्वयंसेवकों का आभार जताया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जनसहयोग और आस्था की शक्ति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।



मां लक्ष्मी को रिझाने रसगुल्ला भेंट।

### विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं कौशल्या

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने श्री मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### भक्ति संध्या में झूमे श्रद्धालु

जिले के दोकड़ा स्थित श्री जगन्नाथ महाप्रभु की बाहुड़ा यात्रा के उपरांत अब महाप्रभु के श्री मंदिर लौटने के इस विशेष दिन की पूर्व संध्या पर श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर दोकड़ा में भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आराधना संगीत म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। इन भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। संगीतमय वातावरण में पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते और ताली बजाते रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांसाबेल से आए प्रसिद्ध भजन गायक सुदाम पंडा के साथ-साथ धनवंत यादव, ब्रजकिशोर बारिक, प्रदीप नायक, ध्यानु चौहान, विजय प्रधान, कमिल, अश्विन, सचिन यादव, एवं राजकुमार वर्मा जैसे कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्री जगन्नाथ मंदिर समिति दोकड़ा द्वारा लगातार श्रद्धालुओं को एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है।



## जिला पुलिस के ऑपरेशन अंकुश की बड़ी सफलता

# गैंगरेप मामले में आजीवन कारावास की सजा पाने वाले दो फरार अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गैंगरेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए दो फरार आरोपियों को जिला पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। दोनों आरोपी इस वर्ष अप्रैल माह में पुलिस अभिरक्षा से भाग निकले थे,तब से फरार थे। लगातार तीन महीने की तलाश और तकनीकी सहायता से पुलिस ने 'ऑपरेशन अंकुश' के अंतर्गत इन्हें दबोच लिया।

झारखंड के कुरडेग और रायगढ़ से गिरफ्तारी- गिरफ्तार आरोपियों में पहला नेल्सन खाखा 25 वर्ष है, जिसे झारखंड के सिमडेगा जिले के कुरडेग थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सांबा से गिरफ्तार किया गया। दूसरा आरोपी डिक्सन खाखा 30 वर्ष को रायगढ़ से कुनकुरी की ओर आते समय पुलिस ने पकड़ लिया। यह गिरफ्तारी उस समय हुई, जब वह एक मालवाहक वाहन में सफर कर रहा था। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में दोनों अभियुक्त।

### नाबालिग के साथ हुआ था गैंगरेप

26 दिसंबर 2022 को थाना कांसाबेल क्षेत्र की एक 15 वर्षीय नाबालिग पीड़िता अपनी सहेली के गांव घूमने आई थी। उसी शाम एक पुलिया के पास बैठी थी, तभी आरोपी नेल्सन खाखा वहां मोटरसाइकिल से पहुंचा। सहेलियां डर कर भाग गईं, लेकिन नेल्सन पीड़िता को जबरन मोटरसाइकिल में बैठा कर सुनसान जगह ले गया और धमकी देकर दुष्कर्म किया। कुछ दूरी पर उसके साथी डिक्सन खाखा और सौरभ खड़े थे। बाद में उन दोनों ने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीड़िता ने थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 363, 366 और 376 भा.दं.वि. के तहत मामला पंजीबद्ध हुआ। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### सहयोगियों पर भी होगी कार्रवाई

फरार आरोपियों को छिपने में मदद करने वालों के नाम भी सामने आए हैं। इनमें माइकल खाखा, निवासी कुनकुरी, रितेश कुजूर निवासी जशपुर,सुदीप मिंज निवासी दुलदुला शामिल हैं। पुलिस इनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

### न्यायालय से सजा मिलने के बाद फरार थे अपराधी

11 अप्रैल 2025 को पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को पेशी हेतु जिला जेल से अपर सत्र न्यायालय, कुनकुरी लाया था। पेशी के दौरान नेल्सन और डिक्सन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। फिंगरप्रिंट लेने के बाद जब उन्हें बंदीगृह वापस ले जाया जा रहा था, उसी समय शाम करीब 5:45 बजे, दोनों ने पुलिस को धक्का दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। फरारी के इस मामले में थाना कुनकुरी में बीएनएस की धारा 262 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### जारी रहेगा आपरेशन अंकुश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम ने पूरी प्रोफेशनल दक्षता के साथ काम किया। हमारी कोशिश है कि ऐसे संगीन अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा न जाए। ऑपरेशन अंकुश आगे भी जारी रहेगा।

### तकनीकी टीम रही सक्रिय

घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लापरवाह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। साथ ही फरार आरोपियों की तलाश हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया और साइबर सेल एवं तकनीकी टीम को भी सक्रिय किया गया।जांच में यह सामने आया कि आरोपी लगातार छत्तीसगढ़, झारखंड और उड़ीसा में ठिकाने बदल रहे थे।

### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

इस पूरे ऑपरेशन में साइबर सेल एवं थाना कुनकुरी की टीम की अहम भूमिका रही। साइबर सेल से निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उप निरीक्षक नसीरुद्दीन अंसारी, प्रधान आरक्षक अनंत मिराज किस्पोट्टा, आरक्षक अनील सिंह,थाना कुनकुरी से थाना प्रभारी राकेश यादव, उप निरीक्षक संतोष तिवारी, प्रधान आरक्षक दलेश्वर यादव, आरक्षक जितेंद्र गुप्ता, नंदलाल यादव एवं नगर सैनिक अजय श्रीवास्तव ने अहम भूमिका निभाई।



जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित कलेक्टर।

# कलेक्टर ने ली जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित सभी विकास कार्यों की गहन समीक्षा की और सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सिंचाई योजनाओं के तहत बन रहे एनीकट, स्टॉप डेम, जलाशय, नहर निर्माण सहित अन्य संरचनाओं की प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से किसानों को उनके फसलों के लिए आवश्यक सिंचाई सुविधा प्राप्त होती है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है। कलेक्टर श्री व्यास ने यह भी कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से भू-जल स्तर में सुधार आता है, जिससे गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या में भी काफी हद तक राहत मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा करने के निर्देश दिए ताकि कार्यों की वास्तविक प्रगति का अवलोकन हो सके और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, कार्यपालन अभियंता विनोद भगत सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**खास बात**

- निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

# शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधरोपण




**जशपुरनगर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ के तत्वाधान में शासकीय पॉलीटेक्निक में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत वृहद पौधरोपण का आयोजन किया गया। आयोजन का थीम था पौधे लगाओ, जीवन बचाओ, एक पेड, एक जिन्दगी।

इस आयोजन का मकसद छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना था। आयोजन में प्रकृति में संतुलन कायम रखने और मानव सहित अन्य जीवों के लिए पेड़ों के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में छात्रों को पौधे लगाने और इसके लिए लोगों को प्रेरित करने की भी अपील भी की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कल्पना टोप्पो, शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर के प्राचार्य डॉ.जीएस बेदी, जिला सचिव स्काउट तुमनू गोसाई, डिओसी स्काउट हेमंत पैंकरा, डिओसी गाइड प्रीति सुधा एवं शाउमावि आरा, सेंट पॉल बघिमा, सेंट जेवियर्स शांति भवन, होली क्रास घोलेंग, शाउमावि पतराटोली के छात्र-छात्रा सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिले में अब तक 4214.7 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 4214.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 09 जुलाई तक की स्थिति में 2742.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 3.7 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 444.3 मिमी, मनोरा में 548.1 मिमी, कुनकुरी में 591.3 मिमी, दुलदुला में 279.0 मिमी, फरसाबहार में 385.1 मिमी, बगीचा में 440.8 मिमी, कांसाबेल में 420.5 मिमी, पत्थलगांव में 347.8 मिमी, सन्ना में 478.7 मिमी एवं बागबहार में 278.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।



# इको क्लब ने बरगांव में मनाया हरियाली दिवस




**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगांव में इको क्लब के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत एक क्लब गठन करते हुए छात्र छात्राओं को जिम्मेदारी सौंप गई। एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें आज 70 पौधों का रोपण कार्यक्रम किया गया।

प्रत्येक पौधे को जीवित रखने की जिम्मेदारी छात्रों के एक ग्रुप बनाकर उन्हें दिया गया इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती ज्योति तिर्की ने कहा इस जीवन का सबसे बहुमूल्य योगदान समाज में पर्यावरण के प्रति योगदान देना होता है। बदलते समय में वैश्विक भूमंडलीकरण के दौर में जब पूरे ग्लोबल में प्रकृति के दोहन से खतरा उत्पन्न हो गया है पर्यावरण के प्रति हमारे लापरवाही ने पूरे मानव जाति के लिए प्रश्न खड़ा कर दिया है ऐसे समय में जरूरी है कि प्रत्येक बच्चा पर्यावरण को लेकर अत्यंत जागरूक रहे और पर्यावरण प्रदूषणों की समस्या से निपटारा के लिए अभी से बहुत सारे उपाय किए जाने चाहिए।। इको क्लब के प्रभारी डॉ मिथिलेश कुमार पाठक ने बच्चों को बागवानी निर्माण जो विद्यालय में पूर्व से संचालित है उनकी देखरेख के लिए योजना बताते हुए कहा कि कैसे हम इन पौधों को और अच्छे तरीके से विकसित होने तक पूरा ध्यान इस पर लगाएंगे प्रतिदिन हम उन पौधों की देखरेख के साथ-साथ उसके सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेंगे। भारत सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा इको क्लब के तहत एक पौधा माँ के नाम पर छात्रों की सफलतापूर्वक सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ वरिष्ठ व्याख्याता जयमन तिर्की लोचन साहू, सचितानंद यादव, आरती डूंगडूंग, मनीषा प्रधान, सुमन केरकेटा, प्रियन खेस श्रीमती रंभा सिंह सहित अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने कांवर यात्रा की तैयारी का किया अवलोकन

# शिव भक्त मधेश्वर पहाड़ का करेंगे जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को कुनकुरी विकासखंड के मयाली नेचर कैंप के पास स्थित विश्व के सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास आगामी 14 जुलाई को सावन सोमवार को भव्य कांवर यात्रा की तैयारी का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी शशि कुमार, कुनकुरी एसडीएम नन्दजी पाण्डेय, राजीव नंदे जनपद सीईओ और लोक निर्माण विभाग,वन विभाग के अधिकारीगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर ने भव्य कांवर यात्रा के लिए रूट चार्ट, मेला स्थल, बेरिकेडिंग, पानी, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवपुराण कथा के आयोजन को आप सब के सहयोग से सफल बनाया था वैसे ही कांवर यात्रा को सफल बनाना है।

इस दौरान अधिकारियों को उन्होंने जल निकासी की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, कलेक्टर ने बताया कि मधेश्वर पहाड़ प्राकृतिक शिवलिंग के पास बड़ा सा नंदी महाराज और त्रिशुल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। सावन का पहला सावन सोमवार 14 जुलाई से शुरू होने वाला है सभी चारों सोमवार को मधेश्वर पहाड़ प्राकृतिक शिवलिंग में जला अभिषेक करेंगे और कांवर यात्रा निकाली जाएगी।

- विश्व के सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास से निकलेगी कांवर यात्रा
- रूट चार्ट, मेला स्थल, बेरिकेडिंग, पानी, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



अवलोकन के बाद मौके पर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते कलेक्टर।

# दुकान संचालकों को कराना होगा पंजीयन

**जशपुरनगर।** प्रदेश के सभी दुकानों और स्थापनाओं के लिए श्रम विभाग द्वारा दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों) अधिनियम, 2017 के अंतर्गत 10 या 10 से अधिक श्रमिक अथवा कर्मचारी नियोजित होने पर श्रम पहचान संख्या पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया गया है।

इस संबंध में श्रम पदाधिकारी ने बताया कि कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों) अधिनियम, 2017 तथा इसके अंतर्गत निर्मित छग दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियम) नियम 2021 को प्रदेश में 13 फरवरी 2025 से प्रभावशील किया गया है। जिसके परिपालन में सभी दुकानों और स्थापनाओं को श्रम पहचान संख्या पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। 10 या 10 से अधिक श्रमिक व कर्मचारी नियोजित करने वाले दुकानों और संस्थाओं को श्रम विभाग में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। श्रम विभाग के पोर्टल में 14 अगस्त 2025 तक संबंधित दुकानदार को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस तिथि के बाद पंजीयन करने पर विलंब शुल्क देना होगा। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अंतर्गत ऐसे पूर्व से पंजीकृत समस्त दुकान एवं स्थापनायें जिनमें 10 या 10 से अधिक श्रमिक अथवा कर्मचारी नियोजित हों को 6 माह के भीतर अर्थात 14 अगस्त 2025 तक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन कराने एवं श्रम पहचान संख्या प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर निर्धारित शुल्क में छूट प्रदान की गई है। अधिनियम के प्रभावशीलता के 6 माह अर्थात 14 अगस्त 2025 के बाद निर्धारित शुल्क का 25 प्रतिशत विलंब शुल्क के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र सह श्रम पहचान संख्या प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसी प्रकार कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, तथा कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 के अंतर्गत पंजीकृत दुकान एवं स्थापनाओं को इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत माना जावेगा।

- सभी दुकानों और स्थापनाओं को श्रम पहचान संख्या व पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना होगा अनिवार्य



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

## लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुई दीवानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान :** मिट्टी: एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

## चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*__मुंबई।__ 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

## खबर संक्षेप

### विशेष विमान से पहुंचे केन्द्रीय मंत्री शिवराज

**अम्बिकापुर।** भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन देश के केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे विशेष विमान से मां महामाया एयरपोर्ट पहुंचे जहां डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कृषि मंत्री श्री चौहान और राष्ट्रीय महामंत्री श्री तावडे सड़क मार्ग से मैनपाट पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत उपरान्त उन्होने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इसके साथ ही प्रशिक्षण वर्ग स्थल पर लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### चलती बाइक से गिरी महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** जीजा के साथ बाइक से रथयात्रा देखने जा रही महिला चलती बाइक से गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम कतकालो निवासी बिहानी पति तुलसी गत दिन जीजा के साथ रथयात्रा देखने बाइक से जा रही थी। जैसे ही बाइक सवार ग्राम पीडिया के समीप पहुंचे तभी महिला चलती बाइक से सड़क पर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

### होटल संचालक व गार्ड के साथ की मारपीट

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर गुंडागर्दी बढ़ गई है। दोपहर शहर के बीच युवकों ने न सिर्फ होटल के सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की बल्कि बीच बचाव कर रहे होटल संचालक की जमकर पिटाई कर दी। इधर पुलिस के घटना स्थल पहुंचने से पहले ही उत्पात मचा रहे युवक फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आज दोपहर दो युवक शहर के गांधी चौक समीप एक होटल के सामने गलत तरीके से वाहन खड़ा कर रहे जिसे देख होटल के सुरक्षा गार्ड ने वाहन गलत तरीके से खड़ा करने से मना किया तो दोनों युवको ने गार्ड के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख होटल संचालक बीच बचाव करने पहुंचा तो युवकों ने मोबाइल से फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया और गार्ड सहित होटल संचालक के साथ मारपीट करने के साथ उत्पात मचाने लगे। इधर घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तो उत्पात मचा रहे युवक मौके से फरार हो गए। होटल संचालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

### बाइक सहित गिरने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** शादी में शामिल होने के बाद घर लौट रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुमडेवा निवासी सुमित्रा पति जगत सिंह (34 वर्ष) गत दिन पति व बेटी अनिमा के साथ बाइक से भतीजे के शादी में शामिल होने ग्राम जगन्नाथपुर गए थे। दूसरे दिन तीनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही बाइक सवार मेन रोड अमली आमा के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में सुमित्रा गंभीर रूप से जबकि पति व बेटी मामूली रूप से घायल हो गए। महिला को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में बैंकर्स की भूमिका अहम

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तत्वावधान में एक दिवसीय बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला स्वसहायता समूहों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के लिए बैंकर्स की भूमिका को स्पष्ट करना और बैंक लिंकेज की प्रक्रिया को सरल बनाना था। कार्यशाला में जिले के सभी प्रमुख बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ-साथ बिहान से जुड़े कैडर और महिला स्वसहायता समूहों की सदस्यों ने भाग लिया।

## रायगढ़ में अपात्र किसानों को बांटे गए करोड़ों, रिकवरी में विभाग ने ले लिया ब्रेक

# 44 करोड़ की सम्मान निधि भ्रष्टाचार और लापरवाही के दलदल में फंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जिसे सरकार किसानों की आर्थिक रीढ़ मज़बूत करने के लिए लाई थी, वो अब रायगढ़ जिले में भ्रष्टाचार, लापरवाही और अव्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। आंकड़े चौंकाने वाले हैं। 44 हजार अपात्र किसानों को करीब 44 करोड़ रुपए का भुगतान, और तीन साल में सिर्फ 30 लाख की वसूली हो सकी है।

दरअसल, पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसान सम्मान निधि योजना का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर किया गया था। रायगढ़ जिले में कुल 1 लाख 42 हजार से अधिक किसानों को लाभार्थी बनाया गया। उस समय केवाईसी अनिवार्य नहीं थी। नतीजा यह हुआ कि बड़ी संख्या में अपात्र व्यक्तियों ने खुद को किसान दिखाकर योजना से लाभ ले लिया। जब केंद्र सरकार ने दो साल पहले ई केवाईसी अनिवार्य किया और लाभार्थियों का डाटा खंगाला गयाए तो सामने आया कि लगभग 44 हजार किसान अपात्र हैं। इन अपात्र किसानों को पहले ही 44 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की जा चुकी थी।



### जनता और किसानों में बढ़ता असंतोष

ईमानदार और पात्र किसानों के बीच संदेह और नाराजगी का माहौल है। उन्हें डर है कि कहीं भविष्य में उनके भुगतान पर भी असर न पड़े। वही पात्र किसानों का कहना है कि अगर गलत भुगतान हो गयाए तो क्या दोषियों को बचा लिया जाएगा। और जिन किसानों को गलती से पैसे मिले, उनसे वसूली क्यों नहीं हो रही है।

### अधिकारी राजस्व विभाग पर थोप रहे जिम्मा

जब इस मामले में कृषि विभाग के अधिकारियों से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा केंद्र के निर्देश पर केवाईसी अपडेट की गई है। अब लगभग 90 हजार किसान पात्र पाए गए हैं और उन्हीं को योजना का लाभ दिया जा रहा है। रिकवरी प्रक्रिया की शुरुआत हुई थी, लेकिन बाद में राजस्व विभाग को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

### फैक्ट फाइल

कुल लाभार्थी किसान 1,42,000
अपात्र पाए गए 44,000
अपात्रों को दी गई राशि 44 करोड़
अब तक की वसूली 30 लाख
वसूली प्रतिशत 0.7 प्रतिशत
शेष राशि 43.7 करोड़

### रिकवरी अभियान जो अब ठंडी राख बन गई

केंद्र सरकार ने स्पष्ट आदेश दिए कि अपात्र किसानों से सम्मान निधि की राशि तत्काल रिकवर की जाए। कृषि विभाग ने शुरुआत में इस पर काम किया। कुछ किसानों को नोटिस भेजे गएए कुछ से रकम वसूल भी की गई। लेकिन फिर अभियान सुस्त पड़ गया। तथ्य यह है कि आज तक सिर्फ 500 किसानों से मात्र 30 लाख की वसूली हो सकी है। यानीए 99.3 प्रतिशत राशि अब भी अपात्रों के पास ही है। सवाल यह है कि बाकी वसूली कब और कैसे होगी। क्या सरकार ने इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

### मामले को लेकर कांग्रेस का भाजपा पर हमला

इस मुद्दे पर कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि भाजपा शासनकाल में बिना जांच पड़ताल के धड़ल्ले से पंजीयन कर अपात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाया गया। इसमें प्रशासनिक अफसरों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो, क्योंकि यह सिर्फ वित्तीय गड़बड़ी नहीं किसानों के नाम पर देश की जनता से धोखा है।



## विद्युत सुरक्षा सप्ताह जेपीएल तमनार में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जेपीएल तमनार में विद्युत सुरक्षा सप्ताह सुरक्षित ऊर्जा सुरक्षित राष्ट्र, विद्युत सुरक्षा गैर समझौता इस वर्ष का थीम को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जनजगरुकता कार्यक्रम, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, निबंध क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिप्ट आडिटोरियम तमनार में 7 जुलाई को विद्युत सुरक्षा सप्ताह समापन कार्यक्रम में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत सत्कार किया गया।

जेपीएल तमनार प्लांट हेड गजेन्द्र रावत ने कहा कि विद्युत सुरक्षा सप्ताह में लिए गए सुरक्षा शपथ को हर दिन आत्मसात करते हुए सुरक्षा के प्रति ईमानदारी के साथ कार्य करते शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्ति करें। वित्तीय वर्ष में विद्युत दुर्घटना शून्य हो। उत्पादन हानि के डर से कोई भी कार्य मे सुरक्षा से समझौता ना करें। किसी भी प्रकार की शंका हो तो अपने अधिकारी से जानकारी लेकर सावधानियों के साथ करें। जिससे किसी भी दुर्घटना की आशंका ना रह जाये। वर्क शॉप में दिए गए निर्देशों का पालन करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए संयत्र को औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में बुलंदियों पर ले जाने शून्य क्षति लक्ष्य पाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। ग्रुप ओएंडएम के तिवारी ने कहा कि हर कार्य सुरक्षित हर दिन सुनिश्चित करने, विद्युत सुरक्षा की प्राथमिकता पर बल दिया। अरुण नारायण ने स्वागत उद्बोधन करते हुए विद्युत सुरक्षा सप्ताह भर के कार्यक्रम की सराहना की और विद्युत सुरक्षा को एक जिम्मेदारी समझकर अपने दिनचर्या में शामिल करने की आग्रह किया।

## खरसिया विखं के पंचायतों में पौधरोपण

**रायगढ़।** हरियाली को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड में पौधरोपण का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विकासखंड के 81 ग्राम पंचायतों में स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला परिसरों में पौधरोपण किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर लगभग 4 हजार पौधे विभिन्न स्कूल परिसरों में लगाए गए। पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आम जनता को ट्री गार्ड लगाने के लिए प्रेरित किया गया और इसके महत्व को समझाया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों जिनके मकान निर्माणाधीन या पूर्ण हो चुके हैं, ऐसे लगभग ढ़ाई हजार आवासों में कुल 4 हजार 500 पौधे रोपे गए। इन पौधों की देखरेख और सुरक्षा के लिए हितग्राहियों को जिम्मेदारी दी गई तथा उन्हें ट्री गार्ड लगाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त खरसिया विकासखंड के अंतर्गत चयनित 19 अमृत सरोवर तालाबों के चारों ओर भी पौधरोपण किया गया, जिससे न केवल पर्यावरण को संजीवनी मिलेगी, बल्कि जल संरक्षण में भी मदद मिलेगी। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ जीवनशैली की नींव भी रखते हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत खरसिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवन पटेल, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी अमित मांझी, विकासखंड समन्वयक पद्मलोचन सिदार, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, सरपंच, पंच, ग्रामीणजन और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मेगा ऑयल पॉम प्लांटेशन ड्राइव से जुड़ रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ घरघोड़ा के बरौनाकुंडा में 6 किसान 20 एकड़ में लगा रहे ऑयल पॉम

केंद्र पोषित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयल पॉम योजना अंतर्गत जिले में चल रही मेगा प्लांटेशन ड्राइव से किसानों को ऑयल पॉम की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। रायगढ़ में किसान इस योजना का लाभ ले रहे हैं। घरघोड़ा विकासखंड के बरौनाकुंडा में 6 किसानों ने 20 एकड़ में ऑयल पॉम के पौधे लगा रहे हैं। जिनमें सुरजित सिंह राठिया, पवन साय राठिया, सगुन साय राठिया, श्रीमती जेमाबाई राठिया, जैनकुंवर राठिया तथा मोचन साय राठिया शामिल हैं।



उद्यानिकी विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऑयल पॉम पौध रोपण के 03 से 04 वर्ष बाद फलन प्रारंभ होने पर प्रति एकड़ 60 हजार रूपए तथा पौधों के बढ़ते उम्र में अधिक उत्पादन से 1 लाख रूपये तक की आमदनी कृषकों को लगातार 25 से 30 वर्षों तक प्राप्त होगी। जिला रायगढ़ में ऑयल पॉम की खेती हेतु गोदरेज एग्रोवेट कंपनी से शासन का अनुबंध हुआ है। अनुबंध के तहत कंपनी द्वारा प्लांटिंग मटेरियल के रूप में प्रति एकड़ 57 ऑयल पॉम पौध किस्म टेनेरा हाईब्रीड कृषकों को पहुंचा कर प्रदाय किया जा रहा है। जो कि योजना अंतर्गत अनुदान स्वरूप निःशुल्क होगा। 05 एकड़ से अधिक निजी भूमि में ऑयल पॉम पौध रोपण करने वाले कृषकों को बोरवेल खनन हेतु 50 हजार रूपए तथा रोपित पौधों के रखरखाव हेतु 04 वर्षों तक प्रति वर्ष 5250 रूपए एवं 09 मीटर की दूरी पर रोपित पौधों के बीच रिक्त भूमि में अंतरासस्य खेती के लिए 04 वर्षों तक प्रति वर्ष 5250 रूपए अनुदान प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। अनुबंधित कंपनी द्वारा ऑयल पॉम फल फ्रेश फूट बंच को कृषक के खेत से ही शासन के अनुमोदित दर पर क्रय किया जाएगा। किसान सगुन साय राठिया ने बताया कि वे पांच एकड़ में आयल पाम लगा रहे है। इसके लिए निःशुल्क पौधे प्रदान किए गए है। साथ ही उद्यानिकी विभाग से योजना के तहत पौधों की देखभाल के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है।



## ग्रामीणों के घर से 78 हजार का अवैध चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई कर ग्राम रजखेता स्थित एक ग्रामीण के घर से भारी मात्रा में अवैध चिरान बरामद किया है। जब्त चिरान की अनुमानित कीमत 78 हजार रूपए बताया जा रहा है।

वन अधिकारियों को मुखबीर से वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम रजखेता निवासी मेघनाथ पिता राम साय द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में अवैध चिरान भण्डारित करने संबंधी सूचना मिली थी। सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची एवं मेघनाथ के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली तो घर में भारी मात्रा में चौखट सहित अन्य अवैध चिरान मिले। टीम ने आरोपी के घर 49 नग अवैध चिरान जब्त किया है। सभी चिरान चौखट के शक्ल में मिले है। जब्त चिरान लगभग 1 घरमीटर है जिसकी कीमत 78 हजार रूपए आंकी गई है। मामले में विभाग ने आरोपी के विरूद्ध वन संरक्षण अधिनियम की कार्रवाई की है। इस संबंध में उप वनमण्डलाधिकारी अनिल सिंह पैकरा ने बताया कि जब्त चिरान को भाग के डीपो में भेजा जा रहा है।

## किसानों को 15 हजार 486 मीट्रिक टन खाद का किया गया वितरण

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के कुल 69 सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ वर्ष 2025 में खाद का अग्रिम भण्डारण करते हुए खाद वितरण का कार्य किया जा रहा है।

रायगढ़ जिले में 20,773 टन खाद का भण्डारण समितियों द्वारा किया जा चुका है तथा 15,486 मैट्रिक टन खाद वितरण जिले के किसानों को किया जा चुका है। साथ ही बीज निगम के माध्यम से कृषकों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। कुल लक्ष्य 28,920 क्विंटल के विरूद्ध 26,379 क्विंटल बीज का भण्डारण कराया जा चुका है तथा 18,452 क्विंटल बीज का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। फसल की उत्पादकता को बनाए रखने में पूरी तरह से सक्षम है सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषकों के द्वारा डीएपी की मांग सबसे अधिक रही है, लेकिन इस वर्ष में डीएपी के सीमित आवक के कारण



■ 18 हजार 452 क्विंटल बीज किसानों को वितरित

डीएपी के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरक जैसे सिंगल सुपर फास्फेट एनपीके 12:32:16, 20:20:0:13, लिक्विड एनपीके का पर्याप्त भण्डारण जिले में किया जा रहा है। सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके खाद के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एनपीके 20:20:0:13 अमोनियम फास्फेट सल्फेट उर्वरक में नाइट्रोजन 20 प्रतिशत, फास्फोरस 20 प्रतिशत एवं सल्फर 13 प्रतिशत उपलब्ध होता है। उर्वरक में सल्फर की उपलब्धता होने के कारण फसलों में क्लोरीफिल एवं प्रोटीन का निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा फसलों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। सिंगल सुपर फास्फेट में स्फुर की मात्रा 16 प्रतिशत के साथ साथ सल्फर 11 प्रतिशत एवं कैल्शियम 21 प्रतिशत होने के कारण मृदा अम्लीयता को सुधार कर पोषक तत्वों की उपलब्धता को बढ़ाती है। जिसके उपयोग से फसलों के उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है।

### अधिक कीमत पर खाद बेचने पर होगी कार्रवाई

कृषि विभाग द्वारा लगातार दुकानों एवं व्यापारियों के खाद के स्टॉक की जांच करने तथा कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर खाद विक्रय के संबंध में निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे खाद की काला बाजारी न हो तथा कृषकों को सही गुणवत्ता के खाद एवं बीज मिल सके। निरीक्षण के दौरान खाद का नमूना भी लिया जा रहा है, अमानक पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

## म्यूल अकाउंट के माध्यम से 9 लाख रुपए के लेनदेन की पुष्टि

**राजपुर।** म्यूल अकाउंट को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने म्यूल अकाउंट मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार एसपी वैभव बैंकर रमनलाल द्वारा म्यूल अकाउंट के मामले में कार्रवाई को लेकर दिए गए निर्देश के तहत आरोपी विशाल पैकरा के खाते के संबंध में बैंकों से ली गई जानकारी के बाद यह जानकारी सामने आई कि स्टेट बैंक के खाता नम्बर 34388388293 में 2 लाख 11 हजार 868 रुपए, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाता नम्बर 4023420634 में 6 लाख 67 हजार 502 रुपए तथा यूनियन बैंक के खाता नम्बर 791602010001648 में 66 हजार 471 रुपए कुल 9 लाख 45 हजार 787 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर अवैध लेन देन किया गया है। ठगी की रकम के लेनदेन की पुष्टि होने के बाद थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने वार्ड क्रमांक 3 बकदरीपारा निवासी 28 वर्षीय विशाल पैकर आ. अजय पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर धोखाधड़ी के माध्यम से ऑनलाइन ठगी कर पैसा कमाने के लिए म्यूल अकाउंट का उपयोग किया।

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी
जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

## इंजीनियर बोले, हमने नुकसान की बात कही ही नहीं

# अस्पताल परिसर में 70 साल पुराने पेड़ की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सारंगढ़ के शासकीय अस्पताल परिसर में वर्षों पुराने हरे.भरे सागौन और नीम के पेड़ों की कटाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बीएमओ डॉ. सिदार द्वारा पेड़ों की कटाई करवाई जा रही है और इसका कारण यह बताया जा रहा है कि इनसे भविष्य में निर्माणाधीन भवन को नुकसान हो सकता है। हालांकि मौके पर तैनात इंजीनियर ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्होंने ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं दी है जिसमें पेड़ों से भवन को खतरा बताया गया हो।

स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों में इस कार्रवाई को लेकर गहरी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अगर वास्तव में पेड़ों से भवन को खतरा था, तो निर्माण प्रारंभ करने से पहले ही इस विषय पर विचार किया जाना चाहिए था। वर्तमान में निर्माणाधीन भवन आरसीएम स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लाख रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है, लेकिन उसके लिए जो मिट्टी डाली जा रही है, वह गुणवत्ता विहीन नजर आ रही है।



### बिना पर्यावरणीय जांच कटा 70 साल पुराना पेड़

एसडीएम कार्यालय से कथित अनुमति लेकर पेड़ों की कटाई की गई, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या एक अस्पताल परिसर में पर्यावरणीय संतुलन को ताक पर रखकर इस तरह हरियाली को समाप्त करना जायज़ है। बहरहाल इस मामले को लेकर जिम्मेदार अधिकारी गोलमोल जवाब दे रहे हैं। लेकिन स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

### निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

स्थानीय सूत्रों के अनुसार निर्माण कार्य बिना किसी मानक सुरक्षा और गुणवत्ता नियमों के किया जा रहा है। मिट्टी की गुणवत्ता और निर्माण स्थल की निगरानी पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। इस मामले में भी अधिकारी कुछ कहने से बच रहे हैं।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
आई सी यू विभाग
• जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
• अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
• मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
• विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
• रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
• जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
• मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411